गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (NAFIS) को प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) की "डिजिटल ट्रांस्फॉर्मेशन के लिए सरकारी प्रक्रिया री-इंजीनियरिंग" कैटेगरी-1 में गोल्ड अवॉर्ड जीतने पर बधाई दी

ये गोल्ड अवॉर्ड, NAFIS की पूरी टीम द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सुरक्षित भारत के विज़न को प्राप्त करने की दिशा में एक सुरक्षित फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन प्रणाली विकसित करने के प्रति समर्पण का सम्मान है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय के अंतर्गत, NAFIS उपकरण सभी ज़िलों, पुलिस आयुक्त कार्यालयों, केन्द्रीय और राज्य फिंगरप्रिंट ब्यूरो और NIA, CBI और NCB आदि केन्द्रीय ऐजेंसियों को दिए गए हैं

अपराध पर नियंत्रण करने में NAFIS से फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं, इससे अपराधों में अंतरराज्यीय अपराधियों की संलिप्तता का पता लगाने का काम पूरे देश में अधिक सुगमता, सटीकता और कुशलता के साथ किया जा रहा है

प्रविष्टि तिथि: 12 AUG 2023 1:08PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने NCRB के नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (NAFIS) की टीम को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) की "डिजिटल ट्रांस्फॉर्मेशन के लिए सरकारी प्रक्रिया री-इंजीनियरिंग" कैटेगरी-1 में गोल्ड अवॉर्ड जीतने पर बधाई दी है।

अपने ट्वीट में श्री अमित शाह ने कहा कि ये गोल्ड अवॉर्ड, NAFIS की पूरी टीम द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सुरक्षित भारत के विज़न को प्राप्त करने की दिशा में एक सुरक्षित फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन प्रणाली विकसित करने के प्रति समर्पण का सम्मान है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय के अंतर्गत, NAFIS उपकरण सभी ज़िलों, पुलिस आयुक्त कार्यालयों, केन्द्रीय और राज्य फिंगरप्रिंट ब्यूरो और NIA, CBI और NCB जैसी केन्द्रीय ऐजेंसियों को दिए गए हैं। अपराध पर नियंत्रण करने में NAFIS से फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। इस प्रणाली से अपराधों में अंतरराज्यीय अपराधियों की संलिप्तता का पता लगाने का काम पूरे देश में अधिक सुगमता, सटीकता और कुशलता के साथ किया जा रहा है।

NAFIS ने आपराधिक फिंगरप्रिंट का एक केन्द्रीय डेटाबेस बनाया है, जिसे सभी राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों और केन्द्रीय ऐजेंसियों के उपयोगकर्ता एक्सेस कर सकते हैं। इससे आपराधिक पहचान और जांच प्रक्रिया की दक्षता और प्रभावशीलता में गुणात्मक सुधार आया है।

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

National Automated Fingerprint Identification System (NAFIS) makes its mark as the shining example of efficient governance as it wins DAPRG's gold award in Category-1. The award for its excellence in delivering e-governance is a recognition of the dedication the entire NAFIS team... Show more

11:22 AM · Aug 12, 2023

2.9K Reply Share

Read 99 replies

*****

आरके / आरआर

(रिलीज़ आईडी: 1948052) आगंतुक पटल : 170